Tital Code. : RAJHIN27802

वागड़ संदेश

रविवार
हम में से सब लोग महान काम नहीं कर सकते लेकिन महान प्यार के साथ हम कई छोटी-छोटी चीजें कर सकते हैं।

वर्ष-1 अंक-11 | सागवाड़ा, रविवार,5 सितम्बर, 2021 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-4, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

गामडा ब्राह्मणीया में बस व स्टाफ का स्वागत

ओबरी। डूंगरपुर डिपो की विजवामामा से बडोदा के लिए बस और से शुरू करने पर रविवार को गामडा ब्राह्मणीया में सरपंच कुसुम परमार के नेत्रत्व में महिलाओं ने श्रीफल और फूल मालाओं से बस व स्टाफ का स्वागत किया। गामड़ा ब्राह्मणीया के उपसरपंच महेंद्र उपाध्याय ने बताया कि रोडवेज के प्रात: 12.30 बजे गामड़ा से रवाना होकर ओबरी, सीमलवाड़ा, गोधरा होते हुए शाम को 6 बजे बड़ोदा पहुचेगी। ग्रामीणों ने बताया क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग रोजगार के लिए बड़ोदा, मुम्बई में रहते है और रोडवेज बस में किराया भी कम होने से निजी वाहनों में ओवरलोडिंग से निजात मिलेगी। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष चिराग मेहता, वीरसिंह चौहान, दिनेश उपाध्याय, प्रमोद भट्ट, भोगीलाल, सुरेश जोशी सहित सर्व समाज के लोगो ने रोडवेज़ प्रबंधन व जनप्रतिनिधियों का आभार जताया।

गौसेवा विभाग गतिविधि की जिला बैठक हुई

सरोदा। राष्ट्रीय सवयंसेवक संघ गौसेवा विभाग गतिविधि की जिला बैठक श्री राधाकृष्ण गौशाला वमासा में आयोजित हुई जिसमें बैठक में प्रान्त गौसेवा प्रमुख पन्नालाल शर्मा के सानिध्य रहा। बैठक में पन्नालाल शर्मा ने बताया कि मानव मात्र के कल्याण एवम मानव सभ्यता की सुरक्षा हेतु देशी गौमाता का सुरक्षित रहना अति आवश्यक हैं अत: हमें गौसंवर्धन एवम गौसंरक्षण हेतु अधिक से अधिक कार्य करने की आवश्यकता हैं। आम जन में गौपालन हेतु रुचि जाग्रत हो एवम गौमाता हर घर मे स्थापित हो उसके लिये गौसेवा विभाग दस आयामो को लेकर चलेगा जिसमे गौपालन, गौआधारित कृषि,गौआधारित मानव चिकित्सा, गौविज्ञान परीक्षा,गौकथा, महानगरों में जैविक पद्धति से तैयार टेरिस गार्डन, गौउत्पाद निर्माण, गौउत्पाद विक्रय, गौचिकित्सा, गौआधारित मानव चिकित्सा आदि आयाम तय कर उन आयामो के प्रमुखो का भी चयन किया गया बैठक में आगामी समय मे गौपालन एवम गौआधारित कृषि हेतु प्रशिक्षण केंद्र तैयार करने एवम उस केंद्र में समय समय पर प्रशिक्षण वर्ग लगाने की योजना तैयार की गयी इस अवसर पर विभाग गौसेवा प्रमुख किशन माकू ने गौचिकित्सा पर विचार व्यक्त किये बैठक में जिला जिला प्रचारक सुनीलजी, कार्यवाह विष्णुजी बुनकर,अशोक मेहता, नाथजी पाटीदार, राजेश भट्ट,अनुराग रावल,हर्षद पंड्या,कांतिशंकर उपाध्याय,विनोद यादव, मंदार अवचार,दिनेश पाटीदार खोड़न,विशाल कानोत, महेश कलाल, आयुष जोशी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। आभार विरेन्द्रसिंह पंवार ने व्यक्त किया।

जंगल में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला

डूंगरपुर।

जिले के झोथरी थाना क्षेत्र के घटखाना के जंगलों में एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिलने पर सनसनी फैल गइ। पुलिस ने मृतक की पहचान सेलज निवासी राजेन्द्र रोत के रूप में की है। जो की 3 सितम्बर को पढने के लिए अपने दूसरे घर गया था। पुलिस के अनुसार बदामीलाल रोत निवासी सेलज ने रिपोर्ट देकर बताया कि उसका छोटा बेटा राजेंद्र रोत उम्र 26 वर्ष आईटीआई ट्रेड है। पिछले दिनों से वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। पटवार भर्ती परीक्षा के चलते 3 सितंबर की रात को खाना खाने के बाद पढ़ाई के लिए पास के दूसरे घर में चला गया। दूसरे दिन 4 सितंबर को देर तक नहीं उठने पर राजू के पिता बदामीलाल उसे उठाने के लिए गए, लेकिन वह घर पर नहीं था।

जिस पर परिवार के लोगों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी, लेकिन कोई पता नहीं चल सका।घर आज जंगलों में मवेशी चराने गए चरवाहों ने घटखाना के जंगल मे एक युवक का शव लटका हुआ देखा और सूचना गांव के लोगों को दी। जिस पर पिता बदामीलाल व गांव के लोग ढूंढते हुए पंहुचे तो शव की पहचान राजू उर्फ राजेंद्र के रूप में की।

घटना की सूचना पर झोथरी थाने से एएसआई बालकृष्ण पाटीदार मय जाब्ता मोके पर पंहुचे और घटना की जानकारी ली। इसके बाद शव को फंदे से नीचे उतारकर जिला अस्पताल के मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। मृतक के पिता बदामीलाल की रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

पायलट विरोधी निर्दलीय विधायकों के इलाकों में हारी कांग्रेस

जयपुर।

पंचायतीराज चुनावों में कांग्रेस के सभी खेमों के विधायक प्रतिष्ठा बचाने में कामयाब रहे, लेकिन सरकार समर्थक निर्दलीय विधायकों के इलाकों में पार्टी का प्रदर्शन कमजोर रहा है। सरकार समर्थक निर्दलीय विधायकों के इलाकों में बस्सी को छोड़ कहीं भी कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। सचिन पायलट के मुखर विरोधी रहे निर्दलीय विधायकों के क्षेत्रों में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। पंचायतीराज चुनावों में इस बार सरकार समर्थक निर्दलीयों की सिफारिश

पर टिकट दिए थे, लेकिन यह सियासी प्रयोग सफल नहीं हुआ। सचिन पायलट के मुखर विरोधी रहे गहलोत समर्थक निर्दलीय विधायक सिरोही विधायक संयम लोढ़ा, दूदू विधायक बाबूलाल नागर और गंगापुर विधायक रामकेश मीणा के इलाकों में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। सरकार समर्थक महवा से निर्दलीय विधायक ओमप्रकाश हुड़ला के क्षेत्र की पंचायत समिति में कांग्रेस को बहुमत नहीं मिला। शाहपुरा से निर्दलीय आलोक बेनीवाल के क्षेत्र में भी कांग्रेस बहुमत से दूर रह गई। बस्सी से निर्दलीय विधायक लक्ष्मण मीणा की दो में से एक पंचायत समिति बस्सी में कांग्रेस को बहुमत मिला है।

6 जिलों में 6 सरकार समर्थक निर्दलीय विधायकों की सिफारिश पर टिकट दिए थे जिनमें से बस्सी को छोड़ कहीं बहुमत नहीं आया।

उदयपुर में ब्राह्मणों की पंचायत-समाज को एकजुट कर राजनैतिक दावेदारी बढ़ाने पर हुई चर्चा

उदयपुर।

2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सामाजिक संगठनों ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। विप्र सेना की ओर से रविवार को आयोजित हुई ब्राह्मणों की पंचायत में समाज को समान प्रतिनिधित्व देने की मांग एक बार फिर बुलंद हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेवाड़ महामंडलेश्वर रासबिहारी शरण ने की। विप्र सेना प्रमुख सुनील तिवारी ने विप्र पंचायत में कहा कि तिवारी ने कहा कि आगामी फरवरी 2023 में महापंचायत के दौरान जब एक से डेढ़ लाख बुद्धिजीवी विप्र बंधु राजनीति क्षेत्र में अपनी प्रबल दावेदारी प्रस्तुत करेंगे तो कोई भी ताकत उन्हें रोक नहीं पाएगी। उन्होंने कहा कि सत्ता चाहे कांग्रेस की हो या बीजेपी की ज्यादा से ज्यादा टिकट विप्र बंधुओं को मिलने चाहिए। तिवारी ने दावा किया कि पिछले 1 वर्ष में विप्र सेना ने पीड़ित, शोषित, वंचितों के लिए कई सेवा कार्य किए। महज 1 साल में बिना किसी दान के 5 करोड़ रुपए संगठन द्वारा खर्च किए गए। उन्होंने कहा कि अगले 3 वर्षों में विप्र सेना सत्ता, शासन और सड़क के नारे को लेकर काम करेगी।

जिला प्रमुख को लेकर जोधपुर कांग्रेस में खींचतान, भरतपुर में जगत सिंह पर बीजेपी में फूट

जयपुर।

जिला प्रमुख और प्रधान के चुनाव में उम्मीदवार चयन को लेकर कांग्रेस और बीजेपी में खींचतान मची है। इस वजह से अब तक उम्मीदवारों की घोषणा नहीं हो पाई है।

कांग्रेस में जोधपुर जिला प्रमुख के लिए सबसे ज्यादा विवाद है। लीला मदेरणा और मुंशी देवी गोदारा दोनों चुनाव लड़ने पर अड़ी हैं। भरतपुर में पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह के बेटे जगत सिंह को लेकर बीजेपी में फूट हो गई है। जगत सिंह जिला प्रमुख चुनाव लड़ने पर अड़े हैं, लेकिन बीजेपी का एक खेमा उन्हें स्वीकारने को तैयार नहीं। जिला प्रमुख और प्रधान के चुनाव से पहले कांग्रेस और बीजेपी में दावेदारों को लेकर अब तक कशमकश का दौर चल रहा है। खींचतानस के कारण दोनों ही पार्टियां अंतिम समय तक ही उम्मीदवारों की घोषणा करने की रणनीति पर चल रहे हैं। दोनों ने जीते हुए सदस्यों को कड़ी बाड़ेबंदी में रखा हुआ है। 6 जिलों में जिला प्रमुख और प्रधान के चुनावों में कई जगह उलटफेर होने की संभावना है। जिला प्रमुख चुनाव में जयपुर, जोधपुर, दौसा और सवाईमाधोपुर में कांग्रेस का बहुमत है। सिरोही में बीजेपी का बहुमत है। भरतपुर में बीजेपी कांग्रेस से आगे है, लेकिन निर्दलीयों का सहयोग लेना होगा।

जिला स्तरीय तीरंदाजी टीम के चयन के लिए ट्रायल प्रतियोगिता हुई

डूंगरपुर। जिले में तीरंदाजी संघ की ओर से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय तीरंदाजी टीम के चयन के लिए ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नगरपरिषद सभापति अमृतलाल कलासुआ ने ट्रायल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस मौके पर सभापति अमृत कलासुआ ने ट्रायल के लिए आये खिलाडियों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर जिला तीरंदाजी संघ के सचिव रमेश कटारा ने बताया की 22 सितम्बर से हनुमानगढ़ में राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन होगा जिसके लिए खिलाडियों के चयन के लिए आज ट्रायल प्रतियोगिता आयोजित की गई है। उन्होंने बताया की ट्रायल प्रतियोगिता में अलग-अलग वर्ग में 65 खिलाडियों ने भाग लेते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना प्रदर्शन किया।

इस दौरान ट्रायल प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले महिला व पुरुष वर्ग में 32 खिलाडियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया।

भाजपा उत्तर मंडल ओबीसी मोर्चा की कार्यकारिणी का किया विस्तार

सरोदा। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष प्रभु पंडया उपाध्यक्ष ताजेंग पाटीदार ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेंद्र श्रीमाली उत्तर मंडल अध्यक्ष भारतेंदु व्यास की सहमति से अध्यक्ष इश्वरलाल सेवक ने भारतीय जनता पार्टी उत्तर मंडल ओबीसी मोर्चा की कार्यकारिणी का विस्तार किया। जिसमें उपाध्यक्ष वालजी पाटीदार, मोहनलाल पाटीदार, दिनेश सेवक, मोगजी प्रजापत, शंकरलाल गायरी। महामंत्री देवीलाल पाटीदार,राकेश जड़िया। मंत्री नारायणलाल सुथार पोपटलाल पंचाल गणेशलाल मोड़ प्रेमजी पाटीदार अर्जुन नाथ जोगी। कोषाध्यक्ष ललित पाटीदार मीडिया प्रभारी लोकेश पाटीदार कार्यालय प्रभारी प्रवीण सिंह राव।सदस्य हरीश दर्जी नीरज प्रजापत कमलेश वालजी अंकित सेवक जगजी पाटीदार दिनेश पाटीदार भगवान पाटीदार मोहनलाल नाई को भाजपा ओबीसी मोर्चा कार्यकारिणी में पदाधिकारी के पद नियुक्त किया गया है।

मानस मंडल सेवा संस्थान की ओर से संगीतमय सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या हुई

सागवाड़ा।

मानस मंडल सेवा संस्थान सागवाड़ा का संगीतमय सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया। मानस मंडल सेवा संस्थान ने सुंदरकांड तिरुपति कॉलोनी रामधाम देवल मेड़ता धाम के पीठाधीश्वर रामनिवास शास्त्री व प्रभुदास धाम सागवाड़ा के संत उदयराम महाराज के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत गणपति पूजन खेमराज भाटिया ने व सरस्वती वंदना जीतु कलाल के द्वारा करने के पश्चात सुंदरकांड की चौपाइयों का गान प्रीतम पंचाल व विनोद गर्ग द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान किशोर भावसार ,जुगल सोनी,चेतन गोगरोत, सुरेश भट्ट ने गणपति गणेश मनाए मोरे देवा..बाबा भोलेनाथ मेरी नैया को उबारो...वो काल करेगा महाकाल के आगे...ओ मनवा रे जीवन है एक संग्राम सहित कई भजन प्रस्तुत किये।

विभिन्न वाद्ययंत्रों पर चिराग गुप्ता,जिग्नेश, अक्षय,धार्मिक, भगु दर्जी, नवनीत ने संगत दी। हनुमान चालीसा नरेश भट्ट द्वारा की गई।

स्मृति मंच द्वारा शिक्षक दिवस पर महिला शिक्षिकाओं का किया सम्मान

डूंगरपुर। स्मृति मंच के सदस्यों के साथ सम्मानित शिक्षिकाएं

डूंगरपुर। पॉडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच के प्रदेश मंत्री मुकेश श्रीमाल के सानिध्य में महिला शिक्षिकाओं का सम्मान किया। पूर्व पार्षद जितेन्द्र सिंह पीठ ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी शिक्षिकाओं का स्वागत कर कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थियों के जीवन को सफल बनाते है। भारत विकास परिषद के रीजनल सेकेट्री गिरीश जी पानेरी ने कहा कि शिक्षकों की समाज मे महत्व पूर्ण भूमिका है जो समाज के सर्वांगीक विकास की कुंजी है।यदि हम भारत को परम वैभव पर लाना है तो शिक्षकों का महत्व समझना होगा तथा शिक्षक हर विद्यार्थी के जीवन मे महत्वपूर्ण भागीदारी का निर्वहन करते है जिसके फलस्वरूप विद्यार्थी अपना भविष्य सफल बना पाता है। इसी क्रम में आयोजन में उपस्थित शिक्षिका सुनीता चौहान ने इस अवसर पर शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा शिक्षकदिनस्य सर्वेषां कृते हार्दा शुभाङ्क्षाक्षा। शुभं भूयात् उत्तरोत्तराभि वृद्धि । समाज और राष्ट्र का विकास शिक्षक करता है। इसलिए आज के परिवेश में शिक्षक का महत्व विद्यार्थियों को समझना आवश्यक है।।साथ ही बताया कि !!शिक्षक और सदगुरु किस प्रकार से सामाजिक जीवन मे मार्ग दर्शन देते है शिक्षक शिक्षा देकर समझाते हैं। सदगुरु दीक्षा देकर प्रत्यक्ष दिखाते हैं। शिक्षक से विद्या पाकर हमें डिग्री मिलती हैं। सदगुरु से ब्रम्हज्ञान पाकर हमें ईश्वर मिलते हैं। शिक्षक कांटो से बच कर चलना सिखाते हैं ।।सदगुरु कांटो को फूलों में बदलना सिखाते हैं। शिक्षक की पहुंच बुद्धि तक होती हैं। सदगुरु की कार्यशाला तो शुरू ही आत्मा से होती हैं।शिक्षक सवालों का उत्तर देते हैं।सदगुरु सवालों का समाधान प्रदान कर देते हैं। स्मृति मंच द्वारा शिक्षिकाओं रोशनी पंडया, पूनम शर्मा, काजल शर्मा, भारती पंचाल, शोभा पंडया, श्रीमती नंदा कटारा, जिन्सी राय,के एम रिंनी रीता चौबीसा का उपरने व पुष्प गुच्छ से सम्मान कर उनको कलम व स्लिप पेड़ भेट की। इस अवसर पर कमल सिंह चूंडावत, संग्राम सिंह राजावत, सरजीत मिश्रा उपस्थित हुए। अंत मे आभार पूर्व पार्षद एडवोकेट जीतेन्द्र सिंह पीठ ने दिया।

होमात्मक लघुरुद्र एवं श्रावण मास पूर्णाहुति हुई

ओबरी। क्षेत्र के डेचा गांव में विश्व शांति हेतु होमात्मक लघुरुद्र एवं श्रावण मास पूर्णाहुति कर्म आचार्य जयेश भट्ट एवं रमेशचंद्र भट्ट के आचार्यत्व में किया गया। मुख्य यजमान जैतंग पाटीदार थे जिसमें गांव डेचा के वागड़िया पाटीदार समाज के लालजी पाटीदार, कांतिलाल पाटीदार, मावजी पाटीदार, पूर्वप्रधान शंकरलाल डेचा, प्रकाश सेवक, किशोरसिंह चौहान, फतहसिंह, गुलाबसिंह, सहितकई भक्तजन उपस्थित थे। इसी प्रकार बरवोदनिया के वीश्रामा मंडल के बैनर तले लगुरुद्र व होमात्मक नवचंडी कूबेरेशवर महादेव मंदिर मे तैरह पुरोहितों के आचार्यत्व मे संपादित कर वागड़ क्षेत्र मे अच्छी बारीश व कुशल मंगलरार्थ नवग्रह देवताओं के साथ गणपती, हनुमानजी, देवो के देव सिद्धनाथ महादेव का आवाहन किया गया। जिसमे उपस्थित भूदेव व यजमानों का समावेश रहा शाम छ-बजे आरती कर समापन किया गया।

आदिवासी भील चौखला समिति खडगदा की संयुक्त बैठक हुई

ओबरी। आदिवासी समाज सुधारक एवं शिक्षा उन्नयन एवं आदिवासी भील चौखला समिति खडगदा की संयुक्त बैठक गांव अंबाडा कडाई फला में रविवार को आयोजित हुई।

कुवैत की फर्जी करेंसी के मामले में पुलिस ने 2 दिन पहले महिला के साथ किया था गिरफ्तार

उदयपुर।

उदयपुर के घंटाघर थाने से आरोपी शनिवार रात हवालात से फरार हो गया। रात करीब 12 बजे आरोपी ने हवालात की दो ताड़ियां (सलाखें) को कोने से तोड़कर मोड़ दिया और मौका पाकर भाग गया। आरोपी को पकड़ने के लिए देर रात से ही पुलिस ने शहर में नाकाबंदी कराई। मगर आरोपी का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने 2 दिन पहले कुवैत की करेंसी बदलने के नाम पर धोखाधड़ी मामले में एक महिला के साथ इस आरोपी को गिरफ्तार किया था। शहर के पहाड़ा क्षेत्र से फर्जी दिरहम देकर धोखाधड़ी करने के मामले में घंटाघर थाना पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी और एक महिला को गिरफ्तार किया था। तेलांगना निवासी बाशा खान नाम के इस आरोपी को एक मोबाइल दुकान के संचालक को फर्जी दिरहम पकड़ा दिए थे। आरोपी 2 दिन से पुलिस की कस्टडी में था। शनिवार देर रात वह भाग गया। लोहे की ताड़ियां जंग लगी होने से पहले ही खस्ताहाल थीं। हवालात से भागने के काफी देर बाद भी संतरी को इसकी भनक नहीं लगी। पुलिस ने इस मामले में संतरी की लापरवाही को माना है।

युवा मंडल करावाडा-पोहरी पटेलान की बैठक हुई

झोथरी।

झोथरी। युवा मंडल करावाडा-पोहरी पटेलान की बैठक सिद्धि विनायक गणपति मंदिर परिसर में आयोजित हुई। बैठक गणपति ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष नरेश कुमार पाटीदार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में गणेश महोत्सव -2021की तैयारी को लेकर चर्चा हुई। सदस्यों ने कोविड गाइड लाईन की पालना के साथ दस दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा व उल्लास के साथ आयोजित करने को लेकर विचार रखें और कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई। बैठक में ट्रस्ट मंडल कोषाध्यक्ष प्रकाश पाटीदार, गणेश महोत्सव संयोजक दिनेश पाटीदार, जगदीश पाटीदार, नरेश पाटीदार, गिरजाशंकर पाटीदार, प्रवीण पाटीदार, योगेश पाटीदार, गौरीशंकर पाटीदार, हितेष वर्मा, विष्णु प्रसाद पाटीदार ,राहुल पाटीदार सहित युवा मौजूद थे।

सिलोही के 51 ग्रामीणों ने अम्बाजी में ध्वजा चढ़ाई

गड़ाजसराजपुर। अंबाजी मंदिर पहुंचे सिलोही के ग्रामीण।

गड़ाजसराजपुर।

जय अम्बे पद यात्री सघ सिलोही के पदयात्रियों जयकोरो से रवाना हुए जय अम्बे पद यात्री के संचालक सिलोही निवासी राहूल सेवक, व नरेश पाटीदार ने बताया की पिछले 21 वर्षों से चली आ रही परम्परा को कायम रखा जिसमे कोरना वैश्विक महामारी में भी थोड़ा बहुत प्रभाव रहा अब हालात बेहतर दिखाई देते रहे ग्राम पंचायत सिलोही के अंर्तगत गनेशपुर, वनियाप आदि गांवों के इस वर्ष कोरना महामारी को देखते हुए पैदल न जाकर बस में यात्रा कर ध्वजा चड़ाई पदयात्री राम धुन के भजनों के साथ रवाना हुए लगभग 51 पदयात्री सघ माता के दर्शन के लिए अम्बाजी के लिए रावनगी हुई।

ग्रामीणों द्वारा पदयात्री को ध्वजा पकड़ाकर रावनगी दी गयी श्रदालुओं ने मंदिर में पूजा अर्चना भी गयी गांव वालो की मौजूदगी में जत्थे को रवाना किया गया पदयात्रियों को कोरना पोट्रोकल के तहत मास्क व सेनेटाइजर भी वितरित किया गया वही इसके प्रति जागरूक भी किया गया मात्र शक्ति द्वारा रावनगी से पूर्व गीत गाये गए।